**Mayank Warwade**, I.A.S.
State Project Director

**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्**
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक : Quality/324/2025-26/ दिनांक :

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA),**
सभी जिले, बिहार।

**विषयः–** **राज्य के सभी 534 प्रखंड संसाधन केन्द्र** (BRC) **एवं 3 शहरी प्रखंड संसाधन केन्द्र** (URC) **के लिए 01–01** Block ICT Co-ordinator **की सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** इस कार्यालय के पत्रांक 3632, दिनांक 07.08.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के प्रसंगाधीन पत्र (प्रति संलग्न) के द्वारा संस्था यथाः–M/s Vistar Vision, Patna को राज्य के सभी 534 प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) एवं 3 शहरी प्रखंड संसाधन केन्द्र (URC) में 01–01 Block ICT Co-ordinator की सेवा उपलब्ध कराने का कार्यादेश दिया है। एजेन्सी यथाः–M/s Vistar Vision, Patna के साथ दिये गये एकरारनामा की प्रति सुलभ प्रसंग हेतु अनुलग्नक– I के रूप में संलग्न है।

अंकनीय है कि राज्य के सभी 534 प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) एवं 3 शहरी प्रखंड संसाधन केन्द्र (URC) में 01–01 Block ICT Co-ordinator की सेवा उपलब्ध्ध कराने के लिए M/s Vistar Vision, Patna के साथ 5 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए एकरारनामा करते हुए कार्यादेश निर्गत किया गया है। M/s Vistar Vision, Patna के द्वारा अवगत कराया गया है कि सभी 534 प्रखंड संसाधन केन्द्र एवं 3 शहरी प्रखंड संसाधन केन्द्र में Block ICT Co-ordinator की सेवा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। अतः Block ICT Co-ordinator की सेवा लेने हेतु निम्नवत् निदेश दिये जाते है :–

1. M/s Vistar Vision, Patna के द्वारा राज्य के सभी 534 प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) एवं 3 शहरी प्रखंड संसाधन केन्द्र (URC) में 01–01 (कुल 537) Block ICT Co-ordinator के साथ ही इन्टरनेट की सेवा उपलब्ध कराया जायेगा।
2. M/s Vistar Vision, Patna के माध्यम से उपलब्ध होने वाले Block ICT Co-ordinator के द्वारा विद्यालय/प्रखंड स्तर पर संचालित गतिविधियों यथाः– ICT Lab, Smart Class, Digital Library के साथ–साथ गुणवत्ता शिक्षा संभाग के द्वारा संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों, जिसका ऑनलाइन अनुश्रवण किया जाता है, के कार्यो में सहयोग किया जायेगा। साथ ही विभिन्न Web Portal यथाः– ई–शिक्षाकोष, यू–डायस प्लस इत्यादि से संबंधित आँकड़ों का कम्प्यूटरीकरण एवं अनुश्रवण करेंगे।
3. Block ICT Co-ordinator जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, (प्रा.शि. एवं सर्व शिक्षा अभियान) और जिला एम.आई.एस प्रभारी/गुणवत्ता समन्वयक के निर्देशन एवं दिशा निर्देश में कार्य करेंगे।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

Email:ssabihar@gmail.com Website www.bepcssa.in

**Mayank Warwade**, I.A.S.
State Project Director

**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्**
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, (प्रा.शि. एवं सर्व शिक्षा अभियान) जिला अंतर्गत नियुक्त सभी Block ICT Co-ordinator के समग्र प्रभारी होंगे।

4. सभी जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, (प्रा.शि. एवं सर्व शिक्षा अभियान), एम.आई.एस प्रभारी / गुणवत्ता समन्वयक एवं लेखा शाखा के द्वारा M/s Vistar Vision, Patna को दिये गये कार्यादेश एवं एकरारनामा के शर्ते के अनुरूप उनके द्वारा समर्पित मासिक विपत्र के समीक्षोपरांत, एकरारनामा के शर्तो एवं वित्तीय नियमों के अनुसार विहित प्रक्रिया अपनाते हुए नियमानुसार भुगतान करेंगे।
5. प्रखंड स्तर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी Block ICT Co-ordinator के नोडल पदाधिकारी होंगे। संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं Block ICT Co-ordinator प्रखंड संसाधन केन्द्र में ICT एवं अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा उपलब्ध कराये गये लैपटॉप एवं प्रिंटर के रख–रखाव एवं संचालन हेतु जिम्मेवार होंगे।
6. बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना द्वारा राज्य के सभी 534 प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) एवं 3 शहरी प्रखंड संसाधन केन्द्र (UBRC) उपलब्ध कराये गये 07–07 लैपटॉप एवं 02–02 प्रिंटर का उपयोग Block ICT Co-ordinator के द्वारा आवश्यक कार्यों के निष्पादन में सुनिश्चित कराया जायेगा।
7. M/s Vistar Vision, Patna द्वारा सफलतापूर्वक Block ICT Co-ordinator की सेवा उपलब्ध कराने के पश्चात संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। साथ ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा Block ICT Co-ordinator का अनुपस्थिति विवरणी एवं कार्य संपादन प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में प्रति माह जिला स्तरीय कार्यालय को ससमय प्रेषित किया जायेगा, जिसके आधार पर जिला स्तरीय कार्यालय द्वारा प्रतिमाह भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।
8. M/s Vistar Vision, Patna द्वारा दिनांक–05.09.2025 से Block ICT Co-ordinator की सेवा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया गया है। ऐसे में जिला शिक्षा पदाधिकारी / जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA) द्वारा Block ICT Co-ordinator का सेवा लेने हेतु सभी प्रखंडों के प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किया जायेगा।

अतः निदेश है कि उपरोक्त के आलोक में यथावश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाय।

विश्वासभाजन,
ह० /
(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

**अनुलग्नक :–** यथोक्त।

पत्रांक : Quality/324/2025-26/ 4110 दिनांक : 02/09/2025

**प्रतिलिपिः–** M/s Vistar Vision, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02/09/25
राज्य परियोजना निदेशक

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

Email:ssabihar@gmail.com
Website www.bepcssa.in